दिन– सोमवार | दिनांक– 08 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. भारत ने दक्षिण कोरिया को हराकार एशिया कप पुरुष हॉकी चैंपियनशिप का खिताब जीता। अगले वर्ष होने वाले विश्वकप के लिये सीधे किया क्वालीफाई।

02. सर्वोच्च न्यायालय बिहार में एसआईआर पर निर्वाचन आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज सुनवाई करेगा।

03. भाजपा संसदीय दल ने प्रस्ताव पारित कर विनिर्माताओं और व्यापारियों से जीएसटी दर में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का आह्वान किया।

04. और, प्रदेश में राष्ट्रीय उच्च पथ के लिए अधिग्रहित भूमि के मुआवजे का भुगतान अब बाजार मूल्य के आधार पर होगा।

---

भारत ने एशिया कप पुरुष हॉकी चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। कल राजगीर में खेल गए प्रतियोगिता के फाइनल में मेजबान भारत ने गत चैंपियन और पांच बार की टूर्नामेंट विजेता दक्षिण कोरिया को चार–एक से हरा दिया। एक रिपोर्ट––

———रिपोर्ट———

फाइनल मुकाबल में भारत शुरुआत से ही दक्षिण कोरिया पर हावी रहा। मैच के उनतीसवें सेकेंड में सुखजीत सिंह ने पहला गोल किया, इसके बाद दिलप्रीत सिंह ने दो गोल किये। भारत के लिये चौथा गोल अमित रोहिदास ने किया। दक्षिण कोरिया का एकमात्र गोल अंतिम क्वार्टर में हो पाया। दिलप्रीत सिंह को मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। भारत इस प्रतियोगिता के सभी मैचों में विजयी रहा। इस खिताब के साथ ही भारतीय पुरूष टीम ने आठ वर्ष बाद खिताब जीतते हुए  नीदरलैंड्स और बेल्जिम में अगले वर्ष होने वाले विश्व कप के लिये भी सीधा प्रवेश कर लिया है। आकाशवाणी समाचार के लिए नालंदा से निरंजन कुमार।

इससे पहले, भारत ने वर्ष दो हजार तीन, दो हजार सात और दो हजार सत्रह में इस खिताब पर कब्जा किया था। इस जीत के बाद हॉकी इंडिया ने प्रत्येक खिलाड़ियों को तीन–तीन लाख रुपये और सपोर्ट स्टॉफ को डेढ़ डेढ लाख रूपये देने की घोषणा की है।।

---

मैच के बाद भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि यह खिताबी जीत मैच दर मैच प्रदर्शन में सुधार का परिणाम है।

———बाइट———

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशिया कप हॉकी में शानदार खिताबी जीत पर भारतीय टीम को बधाई दी है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह जीत इसलिए भी विशेष है क्योंकि भारत ने पिछले चैंपियन दक्षिण कोरिया को हराया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारतीय हॉकी और खेल जगत के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने खिलाड़ियों के नयी उपलब्धियां हासिल करने और देश को गौरवान्वित करने की कामना की। प्रधानमंत्री ने इस टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए बिहार सरकार और प्रदेशवासियों को भी बधाई दी है। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एशिया कप में शानदार जीत हासिल करने के लिए टीम इंडिया को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही हॉकी इंडिया, खेल विभाग और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण को भी इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी है। श्री कुमार ने कहा कि भारतीय टीम ने यह खिताब जीतकर पूरे देश को गौरवान्वित किया है।

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि यह आयोजन और जीत दोनों ही गौरव का क्षण है।

———बाइट———

इधर, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि भारतीय हॉकी टीम की जीत विश्वकप में भारत के जीत का मार्ग खोलेगी।

———बाइट———

---

सर्वोच्च न्यायालय बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के निर्वाचन आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की पीठ राष्ट्रीय जनता दल, ऑल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुसलमीन और अन्य याचिकाकर्ताओं की दलीलों पर विचार करेगी। इस मामले में आज की सुनवाई में गैर सरकारी संगठन और राजनीतिक दलों की याचिकाएं शामिल हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि विशेष पुनरीक्षण के दौरान मसौदा मतदाता सूची में शामिल सात करोड़ चौबीस लाख मतदाताओं में से साढ़े निन्यानवे प्रतिशत मतदाताओं ने पुनरीक्षण के दौरान अपनी पात्रता से संबंधित दस्तावेज सौंप दिए हैं।

---

उप राष्ट्रपति पद के लिये कल चुनाव होगा। चुनाव को लेकर सभी दलों की ओर से बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जदयू सांसदों की नई दिल्ली में बैठक होगी। नालंदा से सांसद कौशलेन्द्र कुमार के आवास पर आयोजित होने वाली इस बैठक में एनडीए के उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन भी शामिल होंगे।, भाकपा प्रदेश इकाई का पच्चीसवां सम्मेलन आज से पटना में शुरू होगा। बारह सितम्बर तक चलने वाले इस सम्मेलन में राज्यभर से प्रतिनिधि शामिल होंगे। पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पांडेय ने बताया कि सम्मेलन में राष्ट्रीय महासचिव डी. राजा, राष्ट्रीय सचिव पल्लव सेन गुप्ता सहित कई लोग शामिल होंगे।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन पूरी एकजुटता के साथ लड़ेगा। किशनगंज में संवादाताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा गठबंधन के साथ दो सौ तैंतालीस सीटों पर चुनाव लड़ेगी और पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी।

---बाइट---

---

बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की सभी बसों में अब ई–टिकटिंग की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में निगम की सभी एक हजार पैंसठ बसों में ई–टिकटिंग सुविधा का शुभारंभ करेंगे। श्री कुमार अस्सी पिंक बसों का भी लोकार्पण करेंगे।

---

भाजपा संसदीय दल ने नई दिल्ली में शुरू हुई दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान अगली पीढी के जीएसटी सुधारों का प्रस्ताव सर्वसम्मति से मंजूर कर लिया है। इसमें उत्पादकों और व्यापारियों से जीएसटी दर में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का आह्वान किया गया है। प्रस्ताव में ये भी कहा गया है कि कीमत कम होने से मांग बढेगी और कारोबार तथा अर्थव्यवस्था को बढावा मिलेगा।

---रिपोर्ट----

---

स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिवाली तक अगली पीढी के जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। इन सुधारों ने कई क्षेत्रों में कर दरें कम करके नागरिकों का जीवन आसान बनाने का प्रयास किया है। आज हम नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में किए गए सुधारों पर नज़र डालेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि आम आदमी पर केंद्रित जीएसटी सुधार इस महीने की बाईस तारीख से लागू होंगे।

———वायस कास्ट——

---

प्रदेश में राष्ट्रीय उच्च पथ निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि के मुआवजे का भुगतान अब बाजार मूल्य के आधार पर होगा। राजस्व और भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने इस संबंध में सभी प्रमंडलीय आयुक्तों और जिलाधिकारियों को पत्र भेजा है। पत्र के अनुसार भूमि का वर्गीकरण खतियान में दर्ज किस्म के आधार पर किया जाने से विवाद उत्पन्न होते रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुआवजे की दर तय करने में खतियान पर निर्भरता उचित नहीं है।

---

प्रदेशवासियों को जल्द ही मेट्रो रेल की सौगात मिलने वाली है। कल पहली बार पटना मेट्रो ट्रेन का सफल ट्रायल किया गया। ट्रायल के तहत मेट्रो डिपो से बाहर भूतनाथ मेट्रो स्टेशन तक एलिवेटेड कॉरिडोर पर साढ़े तीन से चार किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से ट्रेन चलाई गयी। इस दौरान ट्रैक की क्षमता, मेट्रो बॉगी की फिटनेस और विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता की जांच की गयी।

---

आज अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस है। इस मौके पर राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और अन्य वरिष्ठ नेताओं सभी वर्गों से संपूर्ण साक्षतरा का लक्ष्य हासिल करने में सक्रिय योगदान की अपील की है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने हॉकी एशिया कप में भारत की खिताबी जीत से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– शाबाश। हॉकी में भारत चौथी बार बना एशिया का सरताज।

**दैनिक भास्कर** ने इसी खबर का शीर्षक दिया है– राजगीर में जीती भारत की हॉकी।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है– मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना शुरू। सीएम बोले– आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास।

**दैनिक जागरण** की विशेष खबर है– त्योहारी सीजन में शहरों में हो सकती है दो लाख करोड़ से अधिक की ऑनलाइन खरीदारी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. भारत ने दक्षिण कोरिया को हराकार एशिया कप पुरुष हॉकी चैंपियनशिप का खिताब जीता। अगले वर्ष होने वाले विश्वकप के लिये सीधे किया क्वालीफाई।

02. सर्वोच्च न्यायालय बिहार में एसआईआर पर निर्वाचन आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज सुनवाई करेगा।

03. भाजपा संसदीय दल ने प्रस्ताव पारित कर विनिर्माताओं और व्यापारियों से जीएसटी दर में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का आह्वान किया।

04. और, प्रदेश में राष्ट्रीय उच्च पथ के लिए अधिग्रहित भूमि के मुआवजे का भुगतान अब बाजार मूल्य के आधार पर होगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।